**23/09**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

राज्य मंत्रिमंडल ने आज एक प्रस्ताव पारित कर सशक्त उच्च स्तरीय समिति के गठन को मंजूरी दी है। यह समिति सियाङ और अपर सियाङ जिलों में प्रस्तावित सियांग अपर मल्टीपर्पज प्रोजेक्ट यानी SUMP से संबंधित प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट यानी PFR सर्वेक्षण और उससे जुड़ी गतिविधियों का मार्गदर्शन और समन्वय करेगी। मंत्रिमंडल ने इन दोनों जिलों के कुछ वर्गों की ओर से उठाई गई उन चिंताओं का भी संज्ञान लिया, जिनमें कुछ निहित तत्वों द्वारा गलत सूचना और भ्रामक जानकारी फैलाए जाने की बात कही गई है। मंत्रिमंडल ने यह भी स्पष्ट किया कि PFR सर्वेक्षण का शांतिपूर्ण संचालन सियाङ और अपर सियाङ जिलों के निवासियों के साथ लगातार और सार्थक संवाद पर निर्भर करता है। मंत्रिमंडल ने जोर देकर कहा कि संभावित परियोजना प्रभावित परिवारों यानी PAFs और स्थानीय समुदायों की आवाज, कल्याण और आकांक्षाएं इस पूरी प्रक्रिया के केंद्र में हमेशा रही हैं और आगे भी रहेंगी। मंत्रिमंडल ने स्थानीय परंपराओं और सामुदायिक हितों का सम्मान करने वाले विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। साथ ही विश्वास व्यक्त किया कि संवाद के माध्यम से सर्वेक्षण को शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी, जो सियाङ क्षेत्र और पूरे देश के व्यापक हित में है।

0000000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज ईटानगर स्थित अरुणाचल प्रदेश स्टाफ सेलेक्शन बोर्ड यानी APSSB के कार्यालय परिसर में नवनिर्मित कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि APSSB की स्थापना का उद्देश्य ग्रुप C और D पदों पर भर्ती के लिए पारदर्शी और समान अवसर पर आधारित व्यवस्था तैयार करना था। इससे पहले इन पदों पर भर्ती की प्रक्रिया संबंधित विभाग स्वयं संचालित करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग-अलग विभागों की अपनी जरूरतें और प्रक्रियाएं जरूर थीं, लेकिन विकेंद्रीकृत भर्ती व्यवस्था में प्रक्रियाओं में असंगति के साथ निष्पक्षता और बाहरी प्रभाव को लेकर चिंताएं पैदा होने की गुंजाइश रहती। उन्होंने कहा कि एक समर्पित भर्ती संस्था के गठन के पीछे उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सभी अभ्यर्थियों को समान अवसर मिले सकें।

0000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के AI Centre of Excellence यानी AI-CoE का पहला दस दिवसीय AI बूट कैंप और हैकेथॉन आज IIT गुवाहाटी में शुरू हुआ। जिसका उद्देश्य राज्य के कॉलेज विद्यार्थियों, युवाओं और AI में रुचि रखने वाले लोगों के बीच आर्टिफ़िसियल इंटेलिजेंस के प्रति जागरूकता, क्षमता निर्माण और नवाचार को बढ़ावा देना है।

इस बूट कैंप में प्रतिभागियों को Artificial Intelligence, Machine Learning, Python Programming और Natural Language Processing की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। इसके लिए विशेषज्ञों के नेतृत्व में सत्र, प्रायोगिक अभ्यास और मेंटरशिप की व्यवस्था भी की गई है। कुल सत्तानबे आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से चयनित चालीस प्रतिभागी इस दस दिवसीय बूट कैंप और हैकाथॉन में हिस्सा ले रहे हैं। यह कार्यक्रम अरुणाचल प्रदेश Centre of Excellence on Artificial Intelligence AI-CoE की पहल के तहत आयोजित किया जा रहा है। यह IndiaAI, MeitY की पहल है और इसे राज्य के Council of IT and eGovernance, Department of IT and Communication, Government of Arunachal Pradesh के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। इस आयोजन में IIT गुवाहाटी और NIT अरुणाचल प्रदेश सहयोग कर रहे हैं।

0000000000000000000000000000

शिक्षा मंत्री पी.डी. सोना ने आज कहा कि जिस तरह पुस्तकालय लगातार आधुनिक रूप ले रहे हैं, उसी तरह लाइब्रेरियन्स की भूमिका भी अब अधिक व्यापक और गतिशील होती जा रही है। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरियन की जिम्मेदारी अब केवल पुस्तकों और संग्रहों के प्रबंधन तक सीमित नहीं रह गई है। उनसे डिजिटल पहुंच, सामुदायिक सहभागिता, ज्ञान सेवाओं और आधुनिक पुस्तकालय प्रणालियों को सहयोग देने की

भी अपेक्षा की जा रही है। शिक्षा मंत्री ने यह बात ईटानगर स्थित स्टेट सेंट्रल लाइब्रेरी में आयोजित दो दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में लाइब्रेरी ऑटोमेशन और डिजिटल संसाधन, सामुदायिक सहभागिता में लाइब्रेरियन्स की भूमिका, सेवा नियम, व्यक्तित्व विकास और मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल किए गए हैं। शिक्षा मंत्री ने इस महत्वपूर्ण क्षमता निर्माण पहल में योगदान के लिए लाइब्रेरी निदेशालय, रिसोर्स पर्सन्स सहित सभी प्रतिभागियों की सराहना की।

0000000000000000000000000000

बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य देवेश कुमार को अरुणाचल प्रदेश के लिए भाजपा का नया राज्य प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने आज सभी छत्तीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए पार्टी के प्रभारियों और सह-प्रभारियों की नियुक्ति की।

0000000000000000000000000000

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्‌वारा प्रायोजित महीने भर चलने वाले ‘वंदे मातरम्’ कार्यक्रम के तहत, आज पासिघात स्थित गिदी नोतको में सिबो कोरोङ किनारे बड़े पैमाने पर नदी स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

“स्वच्छ नदी, स्वच्छ भारत” विषय पर आयोजित इस अभियान के दौरान अनुमानित पांच दशमलव छह टन कचरा नदी के किनारे से हटाया गया। अभियान का आयोजन अरुणाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग ने “वंदे मातरम्” की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया। यह पहल सात से नौ अक्टूबर तक होने वाले भव्य समारोह की पूर्व-गतिविधि के रूप में आयोजित की गई।

0000000000000000000000000000